तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही, मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म को तामील में जारी हुए
10.10.22	अधिनस्थ न्यायालय का रेकार्ड हेतु स्मरण पत्र जारी हो। पत्रावली [illegible] हेतु दिनांक 14.10.22 को पेश हो। अति० सम्भागीय आयुक्त जोधपुर	
14.10.22	पत्रावली पेश हुई [illegible] अपीलान्ट एवं रेस्पो. अधि. उपस्थित	No objection

पत्रावली पेश हुई। पक्षकारान के अधिवक्ता उपस्थित। वकील अपीलान्ट के द्वारा धारा 151 सीपीसी वास्ते रेस्पो0 संख्या 4 व 6 का नाम विलोपित करने बाबत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार करने में किसी प्रकार की आपत्ति प्रकट नहीं की गई। जिस पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया गया। तथा वकील अपीलान्ट के द्वारा प्रस्तुत संशोधित अपील शीर्षक को पत्रावली पर रखा गया। तत्पश्चात पक्षकारान अधिवक्ता के द्वारा की गई बहस को सुना गया तथा अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, लोहावट जिला जोधपुर के द्वारा प्रकरण क्रमांक प्र0ग0सं0/2021/328 निर्णय दिनांक 04.02.2022 का अवलोकन किया गया एवं पत्रावली के साथ प्रस्तुत दस्तावेजात आदि का भी अध्ययन किया जिसके आधार पर अपीलांटस की उक्त अपील को आंशिक स्वीकार करते हुए अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, लोहावट, जिला जोधपुर के द्वारा पारित किये गये आदेश के क्रम मे प्रकरण रिमाण्ड किया जाकर यह निर्देशित किया जाता है कि तहसीलदार, लोहावट उभय पक्षकारान की उपस्थिति मे मौका जॉच करे, मौका फर्द तथा मौका नक्शा तैयार करे। तत्पश्चात उभय पक्षकारान की सुनवाई करते हुए प्रकरण का निस्तारण करें। कोई भी पक्ष कदीमी रास्ता बन्द नहीं करें। उक्त निर्देशो के साथ हस्तगत अपील का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली फेसल शुमार होकर नंबर से कम हो। निर्णय आज खुले न्यायालय लिखाया जाकर सुनाया गया ।

अति. संभागीय आयुक्त.